# कार्यालय कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जयपुर

www.jaipur.rajasthan.gov.in

क्रमांक : सहायता/रबी/जयपुर/2020/3149-51     दिनांक : 12-11-2020

तहसीलदार
कोटखावदा/जयपुर/बस्सी।

विषय : दिनांक 4.3.2020 से 6.3.2020 को हुई ओलावृष्टि से तहसील क्षेत्र में फसल खराबा से प्रभावित पात्र कृषकों का डाटा डीएमआईएस पोर्टल पर अपलोड करवाने बाबत।

प्रसंग : इस कार्यालय का पूर्व पत्रांक 2980-82 दि. 2.11.2020

महोदय,

विषयान्तर्गत लेख है कि दिनांक 4.3.2020 से 6.3.2020 को हुई ओलावृष्टि के कारण हुए फसल खराबा से प्रभावित पात्र कृषकों की मुताबिक रिपोर्ट 7-डी एवं डीएमआईएस पोर्टल अपलोड किये गये डाटा में अन्तर निम्नानुसार पाया गया है :-

| क्र. स. | तहसील | 7-डी के अनुसार प्राप्त संख्या | पटवारी स्तर पर डीएमआईएस पोर्टल अपलोड कृषक सं0 | डीएमआईएस पोर्टल अपलोड तहसीलदार स्तर पर प्रमाणित कृषकों की सं0 | प्रभारी अधिकारी (सहायता) के स्तर पर अनुमोदित कृषक सं0) | डीएमआईएस पोर्टल अपलोड कृषक, जिनका दोहरा डाटा लौटाया गया | अन्तर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोटखावदा | 10395 | 4716 | 4092 | 3157 | 935 | 7238 |
| 2 | बस्सी | 2885 | 1909 | 1772 | 1701 | 71 | 1172 |
| 3 | जयपुर | 1102 | 594 | 588 | 588 | 0 | 514 |

उपरोक्त विवरणानुसार आपके तहसील क्षेत्र के प्रभावित ग्रामों में हुए फसल खराबा से प्रभावित पात्र कृषकों का डाटा प्रपत्र 7-डी में दर्शायी गई कृषकों का डाटा अपलोड करने तथा पटवारी/तहसीलदार स्तर पर कृषकों की दोहरी प्रविष्टियाँ दर्ज होने से अधोहस्ताक्षरकर्ता के स्तर से उक्त पोर्टल पर पुनः लौटाई गई है। इससे यह स्पष्ट परिलक्षित होता है कि कृषकों को डाटा अपलोड करने की गति काफी धीमी है तथा तहसीलदार के स्तर से पर्यवेक्षण में लापरवाही बरता जाना प्रतीत होता है।

***आपके स्तर से कृषकों का डाटा तीव्र गति से अपलोड करवाकर अन्तिम संख्या से आगामी सप्ताह में आवश्यक रूप से अवगत कराना सुनिश्चित करें अन्यथा यह माना जावेगा कि अब कोई कृषकों की संख्या अपलोड होने से शेष नहीं है तथा जिला स्तर से प्रविष्टि करने की लॉक कर दिया जावेगा, जिसकी जिम्मेवारी आपकी होगी।***

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की जावे।

भवदीय,

प्रभारी अधिकारी(सहायता)
एवं अति. जिला मजिस्ट्रेट
नगर-दक्षिण, जयपुर

0141-2209001, 2209003 (O) 0141-2209000 (Fax) Email : dm-jaip-rj@nic.in



Scanned with CamScanner

Signature Not Verified
Digitally signed by Ashish Jain
Date: 2020.12.07 15:46:58
IST
Reason: SelfAttested